दिनांक : 07.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति पुर्तगाल और स्लोवाकिया की यात्रा के पहले चरण में लिस्बन पहुंची।
- मुख्यमंत्री चित्रकूट में गौरव दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा-सरकार सभी देव स्थानों पर कर रही है निर्माण कार्य।
- प्रदेश में कल से पोषण पखवाड़े की होगी शुरूआत। कुपोषण प्रबंधन के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटलिजेंस के उपयोग पर आज से भोपाल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की होगी शुरूआत।

राष्ट्रपति - पुर्तगाल यात्रा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पुर्तगाल और स्लोवाकिया की अपनी राजकीय यात्रा के पहले चरण में आज सुबह लिस्बन पहुँचीं। वह पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। राष्ट्रपति पुर्तगाल में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगी।

मुख्यमंत्री चित्रकूट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत केंद्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल श्रीराम प्राकट्य पर्व एवं चित्रकूट गौरव दिवस कार्यक्रम में दीपदान किया। गौरव दिवस पर चित्रकूट 11 लाख दीपों से जगमगा उठा। इस अवसर पर रंगोली बनाकर लोगों ने अपने उत्साह का परिचय दिया। चित्रकूट गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से भाग लिया। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी के तट पर भरत घाट में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन सौभाग्यशाली है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी देवस्थानों में पर्याप्त निर्माण कार्य कर ओंकारेश्वर सहित अन्य स्थलों की भव्यता और दिव्यता बढ़ा रही है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य"। बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और निवारक देखभाल के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, स्वास्थ्य दुनिया भर में एक शीर्ष प्राथमिकता के रूप में उभरा है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पहली बार वर्ष 1950 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना को चिह्नित करने के लिए मनाया गया था। प्रत्येक वर्ष यह दुनिया भर के लोगों के लिए चिंता के एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

आरबीआई - एमपीसी

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति - एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक आज मुंबई में शुरू होगी। इस बैठक में प्रमुख ब्याज तथा रेपो दरें तय की जाएंगी। यह बैठक वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पहली मौद्रिक नीति बैठक होगी, जो बुधवार को घोषित होने वाली केंद्रीय बैंक के लिए प्रमुख उधार दरों के परिणाम को निर्धारित करेगी। रिजर्व बैंक वर्ष में प्रत्येक दो महीने में मौद्रिक नीति समिति की बैठक आयोजित करता है। इन बैठकों में मुद्रा आपूर्ति, मुद्रास्फीति का परिदृश्य और अन्य व्यापक आर्थिक संकेतकों जैसे कारकों के आधार पर ब्याज दरों पर निर्णय लिया जाता है।

पोषण अभियान

प्रदेश में कल से पोषण पखवाड़े की शुरुआत हो रही है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कटनी जिले में समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन के लिए 22 अप्रैल तक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान विभिन्न विभागों के सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्र सेक्टर परियोजना एवं जिला स्तर की गतिविधियों में प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण, संवेदनशील कार्यक्रम सहित आंगनवाड़ी केन्द्रों में वर्षा जल संरक्षण गतिविधि को प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया शासन द्वारा मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए ठोस और गंभीर प्रयास किए जायेंगें।

अच्छी खबर- छिंदवाड़ा

मन की बात कार्यक्रम के इस बार के अंक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छिंदवाड़ा जिले के राजाखोह गांव की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे महुआ कुकीज की सराहना की है। गांव की  चार महिलाओं ने तीन साल पहले समूह बनाकर रोजगार की शुरूआत की थी। आज महिलाओं के यह उत्पाद जिले में ही नहीं प्रदेश के बड़े नगरों में लोकप्रिय हो रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

राजाखोह ग्राम की चार महिलाओं ने गायत्री अर्निका महुआ प्रसंस्करण इकाई का गठन किया है जिसमें महिलाओं को अनुदान में प्रोसेसिंग यूनिट की मशीन दी गई है। इनके द्वारा बनाए जा रहे महुआ के उत्पादों की मांग बढ़ी है। मेबलाइजर, डीपीएम् जिला पंचायत रेखा अहिरवार ने बताया की

गौरतलब है कि शहर से लगभग 22 किलोमीटर दूर राजाखोह छोटा सा गांव है इस गांव की चार महिलाओं ने गांव ही नहीं जिले को नई पहचान दिला दी है।

ट्रेन आग

उज्जैन जिले में तराना के पास कल शाम को बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस के पावर कार कोच में आग लग गई। धुआं उठने से यात्रियों में दहशत फैल गई। लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए पावर कार को ट्रेन से अलग कर तराना पहुंचाया। सूचना मिलते ही रेलवे का तकनीकी अमला भी मौके पर पहुंच गया और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पा लिया। पश्चिमी रेलवे रतलाम डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि घटना में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आज से 9 अप्रैल तक 3 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण का आयोजन विज्ञान भवन भोपाल मे किया जा रहा है।

समाचार संक्षेप में .....

- कूनो आगरा रेंज की सीमा के पास कृषि क्षेत्र में घूम रहे चीता ज्वाला और उसके 4 शावक के नजदीक जाकर पानी पिलाने पर विभाग फील्ड स्टाफ के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है।
- डिंडौरी कलेक्टर नेहा मारव्या ने कल वित्तीय सत्र एवं बजट की बैठक में सभी विभागों से बजट की जानकारी लेकर सभी कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिये।
- सतना में मां शारदा प्रबंधन समिति की मैहर दर्शन बस सेवा का उद्घाटन कल विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने किया।
- शिवपुरी जिले में नवांकुर संस्था मातृभूमि जन कल्याण सेवा समिति ने भजन मंडली के माध्यम से लोगों को जल गंगा संर्वधन अभियान से जुडने के लिए प्रेरित किया।
- आईपीएल टी20 क्रिकेट में कल रात गुजरात टाइटन्स ने हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। आज मुंबई में मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

-------